# MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

**Cambridge International**

TERM END EXAM: II Subject: Hindi Date: 03.04.2024

Student's Name: ______________________________ Roll No. ______ Grade: 6

Marks: 35 Time: 90 minutes Invigilator's Sign.

**प्रश्न १ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)**

**(The extract is given on a separate paper)**

१. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे?

______________________________________________________________

२. पंडित जवाहरलाल नेहरू की रुची किसमें थी?

______________________________________________________________

३. नेहरू जी की एक प्रसिद्ध पुस्तक का नाम लिखिए।

______________________________________________________________

४. पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने पुत्री को लिखे हुए पत्र किससे ओत-प्रोत है?

______________________________________________________________

५. अंग्रेज़ी भाषा में लिखे इन पत्रों का हिंदी अनुवाद किसने किया?

______________________________________________________________

६. 'Novelist' इस अंग्रेज़ी शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द गद्यांश से ढूँढकर लिखिए ।

______________________________________________________________

७. ________________ में पंडित जवाहरलाल नेहरू का निधन हो गया।

**ब. निम्नलिखित मुहावरे के अर्थ का सही विकल्प चुनिए।** **(1)**

'अपने मुँह मिया मिट्ठू बनना ' मुहावरे का अर्थ है -

अ. किसी दूसरे की तारीफ़ करना ☐ ब. खुद की तारीफ़ करना ☐

क. किसी मिट्ठू तोते की तारीफ़ करना ☐ ड. मियाजी की तारीफ़ करना ☐

**क) 'झाँसी की रानी' कविता के अनुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(5)**

**(The extract is given on a separate paper.)**

१. 'झाँसी की रानी' कविता के अनुसार छबीली कौन थी और वह किसकी मुँहबोली बहन थी?

____________________________________________________________

____________________________________________________________

२. 'औलाद' इस शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए।

____________________________________________________________

३. कविता के अनुसार रानी लक्ष्मीबाई की सहेली कौन थी?

____________________________________________________________

४. कविता के अनुसार किसकी गाथाएँ रानी को ज़बानी याद थी?

____________________________________________________________

५. सही या गलत लिखिए ।

रानी लक्ष्मीबाई अपने पिता की अकेली संतान थी। ______________

**ड) वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(1)**

श्यामपट्ट – ____________________________________________________

**इ) निम्नलिखित वाक्यांश को सामासिक या समस्त पद के रूप में लिखिए। (1)**

नीला है कंठ जिसका – ___________________________________________

**ई) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (कोई भी एक) (1)**

१. पाहन - ____________________ २. हिय - ____________________

**प्रश्न २ अ) रसखान के निम्नलिखित दोहे का आशय स्पष्ट कीजिए। (1)**

मोहन छवि रसखानि लखि अब दृग अपने नाहिं

ऊँचे आबत धनुस से छूटे सर से जाहिं।

_______________________________________________________________________

_______________________________________________________________________

_______________________________________________________________________

_______________________________________________________________________

**ब) अशुद्ध शब्द को शुद्ध करके लिखिए। (2)**

१. अभीनेता - ____________________ २. पडिंत - ____________________

**क) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (7)**

**(The extract is given on a separate paper.)**

१. कौन अपने वादे को भूल गए?

_______________________________________________________________________

२. घूमते समय अकबर और बीरबल के सामने कौन आ गया?

_______________________________________________________________________

३. किसने किससे कहाँ?

" महाराज, यह ऊँट पिछले जन्म में एक बादशाह था। "

___________________________________________________________________

४. बादशाह को किसने शाप दिया था ?

___________________________________________________________________

५. बीरबल की बात सुनकर कौन लज्जित हो गए?

___________________________________________________________________

६. अंत में अकबर ने बीरबल को कितने एकड़ ज़मीन दे दी ?

___________________________________________________________________

७. 'Gift' इस अंग्रेज़ी शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए।

___________________________________________________________________

**व्याकरण विभाग**

**ड) शब्द पहचान कर क्रिया- विशेषण का भेद लिखिए।** **(1)**

१. मेरा विद्यालय उस ओर है। ____________________________________

**इ) निम्नलिखित कर्तृवाच्य वाक्य को कर्मवाच्य में बदलकर लिखिए।** **(1)**

१. जादूगर खेल दिखता है। ____________________________________

**ई) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई भी दो)** **(2)**

१. रसखान के गुरु का नाम क्या था?

___________________________________________________________________

२. विद्यालय के स्थापना दिवस पर सायमा और वैभव ने क्या ज़िम्मेदारी ली?

__________________________________________________

३. झाँसी की रानी कविता किसने लिखी?

__________________________________________________

**लेखन कौशल**

**प्रश्न ३ अ) मित्र को गर्मियों की छुट्टियों मे आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।** **(5)**

**अथवा**

**ब) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।**

१. मेरी माँ मेरी पहचान २. मेरी पाठशाला

************************************

## Extract (Grade 6)

**प्रश्न १. अ)**

जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 में हुआ था। वे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। लेखन में उनकी रुची थी। 'भारत एक खोज' उनकी एक प्रसिद्ध पुस्तक है। उन्होंने अपनी पुत्री इंदिरा प्रियदर्शनी को बहुत से पत्र लिखे जब वह दस वर्ष की थी, उनके द्वारा ये पत्र देश- विदेश, दुनिया और ब्रम्हांड की रोचक जानकारियों से ओत-प्रोत थे। उन्होंने सभी पत्र अंग्रेज़ी भाषा में लिखे थे। बाद में प्रसिद्ध उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद ने इन पत्रों का हिंदी में अनुवाद किया और यह संकलन 'पिता का पत्र पुत्री के नाम' शीर्षक से प्रकाशित हुआ। इस संकलन से 'संसार पुस्तक है' पत्र साभार लिया गया है। 27 मई 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू का निधन हो गया।

**प्रश्न १. क)**

कानपूर के नाना की मुँहबोली बहन छबीली थी,

लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वो संतान अकेली थी,

नाना के संग पढ़ती थी वो नाना के संग खेली थी,

बरछी ढाल, कृपाण,कटारी उसकी यही सहेली थी।

वीर शिवाजी की गाथाएँ उसको याद ज़बानी थी,

बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी,

खूब लडी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी।।

**प्रश्न २ क)**

एक बार अकबर ने बीरबल को सौ एकड़ जमीन देने का वादा किया। लेकिन बाद में वे अपने वादे को भूल गए। एक दिन अकबर और बीरबल घूमने निकले। सामने से एक ऊँट आ रहा था। उसे देखकर अकबर ने बीरबल से पूछा कि इस ऊँट की गरदन टेढ़ी क्यों है ? बिरबल ने कहा, "महाराज! यह ऊँट पिछले जन्म में एक बादशाह था। उसने अपने वज़ीर से खुश होकर उसे सौ एकड़ ज़मीन उपहार में देने का वचन दिया था। अब जब भी वज़ीर उसे उसका वचन याद दिलाता, बादशाह गरदन घुमाकर दुसरी ओर देखने लगता। तब उस वज़ीर ने बादशाह को शाप देते हुए कहा कि में जब भी आपको वचन याद दिलाता हूँ, आप अपनी गरदन टेढ़ी करके दूसरी ओर देखने लगते हैं, इसलिए अगले जन्म में आप एक ऊँट बनेंगे और आपकी गरदन हमेशा टेढ़ी रहेगी। " बीरबल की बात सुनकर अकबर लज्जित हो गए। उन्हें अपना वादा याद आ गया था। तब उन्होंने बीरबल को सौ एकड़ ज़मीन दे दी।

**MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA**

**Cambridge International**

TERM END EXAM: II Subject: Hindi (Listening Skill) Date: 03.04.2024

Student's Name: ______________________________ Roll No. ______ Grade: 6

Marks: 05 Time Duration: 15 minutes Invigilator's Sign.

## श्रुतभाव ग्रहण

**प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(5)**

१. छुट्टियों में रिंकू घूमने कहाँ गयी थी?

_______________________________________________________________

२. रिंकू को कितने बजे स्कूल पहुँचना था?

_______________________________________________________________

३. माँ ने रिंकू को क्यों आवाज़ दी?

_______________________________________________________________

४. रिंकू जल्दबाज़ी में क्या लाना भूल गई?

_______________________________________________________________

५. स्कूल बैग लेकर रिंकू वापस लौट आई तो क्या हुआ?

_______________________________________________________________

**************************